# उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, लखनऊ -226001
## UP State Commission for Protection of Child Rights (UPSCPCR)


पत्रांक

दिनांक 31/10/2023

रा0बा0आ0/1276 /स्व0सं0–86/बाल उत्पीड़न/2023–24

सेवा में,

जिलाधिकारी,

जनपद–लखनऊ।

**विषयः प्रार्थी श्री परेश मिश्रा एडवोकेट के शिकायती पत्र दिनांक 27.10.2023 पर आवश्यक कार्यवाही कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग का गठन बालक अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम–2005 की धारा–17(1) के प्राविधानों के अन्तर्गत किया गया है। बालक अधिकार संरक्षण अधिनियम–2005 की धारा–13 व 14 के अन्तर्गत आयोग को बालक के अधिकारों का उल्लंघन एवं उनकी संरक्षा के अतिक्रमण की जांच/निस्तारण कराये जाने का पूर्ण अधिकार है।

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि श्री परेश मिश्रा, एडवोकेट का शिकायती पत्र दिनांक 27.10.2023 आयोग को प्राप्त हुआ है जिसमे आयोग को अवगत कराया गया है कि उनके पुत्र रेयांश मिश्रा आयु लगभग 10 वर्ष जो लामार्टीनियर ब्यायज स्कूल हजरतगंज, लखनऊ में कक्षा–5सी का छात्र है जिसे दिनांक 26.07.2023 को उसके क्लास के बच्चों की जूनियर सेक्शन की पी0टी0 टीचर श्रीमती संगीता सहाय द्वारा एक कमरे में बुलाकर उसे मारा–पीटा गया है। बच्चे द्वारा सारी बात अपने पिता को बतायी गयी। जिस पर प्रार्थी द्वारा अपने बच्चे की मेडिकल जँाच भी करायी गयी। प्रार्थी द्वारा उक्त विद्यालय के प्रधानाचार्य से वार्ता करने के लिए विद्यालय गये किन्तु प्रार्थी की कोई भी बात नहीं सुनी गयी। प्रार्थी द्वारा निर्दयी पी0टी0 टीचर श्रीमती संगीता सहाय के अवैध कृत्यों के विरुद्ध कठोर धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने व कानूनी कार्यवाही कराने हेतु अनुरोध किया गया है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में यह अवगत कराना है कि प्रकरण में प्रथम सूचना रिपोर्ट तो दर्ज की गयी है किन्तु उक्त दर्ज रिपोर्ट पर कोई कानूनी कार्यवाही/फालो अभीतक नहीं किया गया। प्रकरण विशेष पर दर्ज की गयी प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसार विधिक कार्यवाही कराते हुए कृत कार्यवाही से आयोग को एक सप्ताह में अवगत कराये।

**संलग्नक–उक्तवत्।**

भवदीया

(अनीता अग्रवाल)

सदस्या

भवदीय

(श्याम त्रिपाठी)

सदस्य

पृ0सं0 – रा0बा0आ0/ — /स्व0सं0–86/बाल उत्पीड़न/2023–24 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद–लखनऊ।

2– श्री परेश मिश्रा, सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश, निवासी–27 श्रृजन विहार कालोनी, गोमतीनगर, लखनऊ।

सदस्या

सदस्य

# श्याम त्रिपाठी
# सदस्य बाल आयोग उत्तर प्रदेश

महोदय,

निवेदन है कि मेरा पुत्र रेयांश मिश्रा आयु लगभग 10 वर्ष जोकि लामार्टीनियर ब्यायज स्कूल हजरतगंज, लखनऊ में कक्षा–5सी में पढ़ता है, दिनांक–26.07.2023 को दोपहर समय लगभग 1:15 बजे उसके क्लास के बच्चों की जूनियर सेक्शन की पी0टी0 टीचर श्रीमती सहाय द्वारा सब बच्चों को अपने रूम में बुलाया गया जिसमें मेरे पुत्र रेयांश मिश्रा एवं तीन अन्य बच्चे क्रमशः अविरल, अथर्व एवं ऐशर को अपने कमरे में पी0टी0 टीचर द्वारा रोक लिया गया मेरे पुत्र को अकारण ही श्रीमती गीता सहाय द्वारा छड़ी से पीटा गया, यहाँ यह उल्लेखनीय है कि पी0टी0 रूम भूतल पर है तथा कक्षा–5सी प्रथम तल पर स्थित है, मेरे पुत्र को प्रथम तल से बुलाया गया तथा उसे पी0टी0 टीचर श्रीमती सहाय द्वारा बुरी तरह से थप्पड़ों से मारा–पीटा गया तथा अन्य बच्चों को भी उक्त टीचर द्वारा मारा पीटा गया। प्रार्थी को यह जानकारी नहीं है कि अन्य बच्चों के अभिभावकों द्वारा कोई कार्यवाही की गयी है या नहीं क्योंकि स्कूल प्रशासन, पी0टी0 टीचर श्रीमती गीता सहाय एवं प्रधानाचार्य से भयभीत है क्योंकि उनका आगे का कैरियर निश्चित रूप से बर्बाद कर देंगे।

प्रार्थी माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ में अधिवक्ता है तथा जब वह उच्च न्यायालय में था घर से फोन द्वारा सूचना मिली तब तुरन्त मैं अपने बच्चे के स्कूल गया तथा प्रधानाचार्य से मिला तो उन्होंने कोई भी बात सुनने से इंकार कर दिया कहा मैं देखूँगा और पी0टी0 टीचर श्रीमती गीता सहाय को बुलाया तक नहीं साथ में प्रत्यक्ष रूप से यह भी कहा कि आपके बच्चे को आगे भी पढ़ना है। वहीं मुझे पता लगा कि श्रीमती सहाय के पति भी उच्च कक्षाओं के अध्यापक है तथा बोर्डिंग के प्रोवेष्ट भी है जिनका स्कूल में काफी प्रभाव है तथा कतिपय कारणोंवश प्रधानाचार्य के बहुत ही करीबी हैं इसके बाद मैं अपने घर गोमतीनगर, लखनऊ आया तब मेरा बच्चा अत्यन्त ही भयभीत एवं डरा सहमा हुआ था तथा मम्मी एवं दादी के सामने फूट–फूट कर रोने लगा तब उसने बताया कि टिफिन के खाने को लेकर मेरे ही बच्चे के क्लास में पढ़ने वाले छात्र अरमान रजा ने श्रीमती गीता सहाय से शिकायत की थी सिर्फ इसी बात को लेकर मेरे पुत्र को एवं अन्य बच्चों को बुरी तरह से छड़ी एवं थप्पड़ों से मारा पीटा गया।

इस मार्मिक घटना से मेरे बच्चे को मानसिक एवं शारीरिक क्षति पहुँची है वह काफी आहत है तब से गुमसुम है तथा स्कूल जाने से भी इंकार कर रहा है क्योंकि वह अत्यन्त ही भयभीत है।

मैने अपने पुत्र की पीड़ा के कारण मेडिकल कालेज, लखनऊ में इलाज भी करवाया है वहीं पर उसकी चोटों का चिकित्सीय परीक्षण भी कराया है। कराये गये चिकित्सीय परीक्षण की फोटोकापी इस प्रार्थना पत्र के साथ अवलोकनार्थ संलग्न है।

पी0टी0 टीचर श्रीमती सहाय ने चिल्ला कर यह भी कहा था कि तुम सब चुप रहना और धमकी दी कहा कि तुम लोग कोई भी बात मत करना।

अतः श्रीमान जी से विनम्र प्रार्थना है कि विषय की गम्भीरता को देखते हुये निर्दयी पी0टी0 टीचर श्रीमती गीता सहाय के अवैध कृत्यों को देखते हुये उनके ऊपर कठोर से कठोर धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करके उचित कानूनी कार्यवाही करने की कृपा करें।

प्रार्थी श्रीमान जी का आभारी रहेगा।

लखनऊ
दिनांक– 27.10.2023

प्रार्थी
Paresh Mishra
(परेश मिश्रा)
एडवोकेट
पुत्र श्री गोपाल नारायण मिश्रा
सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन बार
काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश
निवासी–27 श्रृजन विहार कालोनी,
गोमतीनगर, लखनऊ।
मो0 नं0–9415005077

KING GEORGE'S MEDICAL UNIVERSITY U.P. LUCKNOW
Gandhi Memorial & Associated Hospital

UHID: 20230524257

King Georges Medical University
1 Shamina Road, Chowk,
Chowk

CONSULTING ROOM NO :Casualty Room
CLINIC : Trauma and Emergency, TOKEN NO : 241

EHR ID : 23000898049676257

CASUALTY

Name : Master. REYANSH MISHRA
Department : Trauma AND Emergency
ER.No : 2023/097/0107630
Date of Registration : 26-10-2023 07:43:23 PM
Unit : CMO
Age : 10Y 3M 21D
Billing Type : General
Mobile No : *******930
Email :
Address : REG-74680 GOMTI NAGAR, Lucknow, UTTAR PRADESH, PIN:226010, INDIA
Brought By : Self

MLC- 3067

M.L.C.

Fee : 0.00
Sex : Male
S/O: PARESH MISHRA
Occupation : OTHER
Patient Type: NON MLC
Prepared by: Mr. Atul Kumar Maurya

Presenting Complaints:

Investigation:

C/S/B Trauma Sx team-A.

Swelling & tenderness B/L gluteal region. A/H/O physical assault on 26/10/23 01:15PM

Examination:

airway clear & patent
B/L equal airentry with clear
PCT-
BP-113/77 mm.Hg
P- 85 bpm
$SpO_2$- 96% on RA
P/A Soft NT
GCS $E_4V_5M_6$

P: BP-113/77
BP: P- 85
R: $SpO_2$ 96% @RA

Adv
~~Inj~~ ceftriaxone 500mg IV stat
~~Inj~~ Pantop 20mg IV stat
Inj PCM 500mg IV stat.
F/U in ~~trauma~~ Sx OPD

Doctor's Name
Signature / Date

Gmail

Bal Aayog Uttar Pradesh <upbalaayog@gmail.com>

# Complaint regarding assault done to my son Reyaansh Mishra by school PT teacher

1 message

**Paresh Mishra** <adv.pareshmishra@gmail.com>
To: principal@lamartinierelucknow.org
Cc: roshanjacob.up@nic.in

Sat, Oct 28, 2023 at 9:14 AM

Respected sir,
This is a complaint regarding physical assault done to my child
Name-Reyaansh Mishra
Student of Lamartinere Boys college Lucknow
Class 5C

This is to inform you that as we had come to meet the Principal sir of Lamartinere Boys college on 26th oct afternoon to complain regarding the physical assault done to my son Reyaansh Mishra by the PT teacher Mrs S Sahay .
My son was hit by a wooden stick and twice that teacher hit him on his hips by the PT ma'am in junior school Pt room on 26th oct 2023.
This was highly traumatic for my kid as the teacher asked him to hold a chair and bend down then pull out his hips and then she hit him twice.
He has got brutally bruised and was unable to sit then we took him to the doctor where he was treated.
This kind of treatment to a small child is unimaginable and highly distressful.

On that very day we tried to approach the principal Mc Farland sir and wanted to give a written complaint, but sir assured us that he will look into the matter. On 27th oct morning when my wife approached the junior school head mistress she was astonished to know that a day has passed by of this incident and the HOD has no knowledge of any sort regarding this matter. And even after informing the HOD still no action has been taken.

So after all this we have filled a written complaint in the concern police station.
And I am attaching a copy of that complaint in this mail also.
We would further be taking step of withdrawing our child from the school, as we have huge concerns for his safety and security in future in this school.

Thank you
Paresh Mishra
Father of Reyaansh Mishra
Students of LMBC class 5

Sent from my iPhone

**2 attachments**




**image0.jpeg**
135K